"Business Statistics" (102)
B.Com I year

Unit I :—

भारतीय सांख्यिकी का विकास (Evolution of Indian Statistics)
वर्तमान युग मे सांख्यिकी का व्यवहार अर्थशास्त्र, वाणिज्य व नियोजन तथा कई अन्य शास्त्रो के अध्ययन मे अत्यन्त महत्वपूर्ण है। वास्तव मे, उन सभी विषयो और शास्त्रो का अध्ययन, जिनमे आँकड़ो का व्यवहार होता है, अपूर्ण समझा जाता है यदि उनमे सांख्यिकी प्रणाली का व्यवहार न किया जाये।

भारतीय सांख्यिकी का अर्थ (Meaning of Indian Statistics)
भारतीय सांख्यिकी से आशय उन विविध साधनों एवं संगठनो के अध्ययन से है जिनके द्वारा देश मे समंको का संकलन होता है। इसमे शासकीय एवं निजी दोनो ही साधन सम्मिलित है। इसके अन्तर्गत वर्तमान सांख्यिकीय व्यवस्थाओं की समालोचना एवं उनके सुधार हेतु सुझाव भी आते है।

सांख्यिकी — एक परिचय (Statistics; An Introduction)
आधुनिक युग मे समस्त मानवीय प्राकृतिक तथ्यों को समंको के रूप मे ही मापा एवं अध्ययन किया जा सकता है। वर्तमान समय मे संचार एवं कम्प्युटर क्रान्ति के ज्ञान से प्रत्येक क्षेत्र मे सांख्यिकी विधियो का प्रयोग एवं समंको का ज्ञान प्राप्त करना अत्यावश्यक हो गया।

सांख्यिकी की उत्पत्ति एवं विकास (Origin and Development of Statistics)
ऐसा माना जाता है कि आंग्ल भाषा के Statistics तथा Statistical शब्दों की उत्पत्ति परोक्ष रूप से लैटिन भाषा के 'Status' शब्द से हुई जिसका अर्थ 'राजनैतिक राज्य' (Political State) है। अधिक प्रत्यक्ष रूप से 'Statistics' शब्द की व्युत्पत्ति इटैलियन भाषा के 'State' से हुई। इस शब्द का प्रयोग पन्द्रहवी शताब्दी मे राजनीतिक अर्थ मे राज्य के लिये किया जाता था। जर्मन विद्वानो ने भी इसी आशय मे अपनाया था। तथा उन्होने 'Statistik' शब्द का प्रयोग किया था। इस शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम जर्मन के विद्वान 'गॉट फ्राइड आकेनवाल (Gott Fried Achenwall) ने किया था। इन्हे ही सांख्यिकी का जन्मदाता कहा जाता है।

सांख्यिकी का अर्थ (Meaning of Statistics)
सामान्य व्यक्ति के लिये सांख्यिकी का आशय समंको (Data), तथ्यों (facts) तथा मापों से है। कुछ व्यक्तियों का विश्वास है कि सांख्यिकी संख्याओं का अध्ययन होता है। कुछ लोगो के मतानुसार, सांख्यिकी

पूर्वानुमान अथवा निष्कर्ष निकालने के लिये संख्याओं का विश्लेषण करना होता है। तथ्यों को चित्रों तथा बिन्दु रेखाओं से प्रदर्शन करना भी सांख्यिकी जाना जाता है। समंको के विधियन (Processing), विश्लेषण (Analysing) तथा प्रयोग को भी सांख्यिकी जाना जाता है। संक्षेप मे, सांख्यिकी के तीन स्वरूप माने जा सकते है —
उत्पाद (Product) के रूप में — समंक (Data)। इस प्रकार उत्पाद के रूप मे सांख्यिकी से आशय ऐसे समंक से है, को ज्ञात तथ्यों, जैसे - बिक्री, लाभ, उत्पादन बेकारी राष्ट्रीय आय आदि का विवरण प्रदान करते है।
विधियन (Processing) के रूप मे — सांख्यिकी विधियाँ (Statistical Methods)। इस अर्थ मे सांख्यिकी, संख्यात्मक तथ्यो का संकलन, प्रस्तुतीकरण, विवरण तथा विश्लेषण से सम्बन्धित है।
व्यवहार (Application) के रूप मे — सिद्धान्त एवं विधियाँ जिनका प्रयोग निष्कर्ष निकालने अथवा निर्णय लेने के लिये संख्यात्मक तथ्यो के व्यवहार मे किया जाता है।
सांख्यिकी की परिभाषाये :— विभिन्न सांख्यिकीशास्त्रीय ने सांख्यिकी की जो परिभाषाये दी हैं उनमे दो अलग-अलग विचारो (1) विवरणात्मक सांख्यिकी अथवा समंक, तथा (2) सांख्यिकी विधियों, को व्यक्त किया गया।
प्रथम विचार के अनुसार दी गयी परिभाषाएँ जिनमे सांख्यिकी को बहुवचन के अर्थ में अर्थात् समंक माना गया है —
आकेनवाल (Achenwall) के अनुसार, "समंक राज्य से सम्बन्धित ऐतिहासिक और विवरणात्मक दोनो महत्वपूर्ण तथ्यों का संग्रहण है।"
द्वितीय विचार के अनुसार दी गयी परिभाषाये, जिनमे सांख्यिकी को एक विज्ञान माना गया है। इन परिभाषाओ मे सांख्यिकी को एकवचन के रूप मे लिया गया है —
डा० बाउले लिखते हैं कि "सांख्यिकी गणना का विज्ञान है"।
"सांख्यिकी को उचित रूप मे माध्यों का विज्ञान कहा जा सकता है"
सांख्यिकी का क्षेत्र (Scope of Statics)
प्राचीन समय मे सांख्यिकी का क्षेत्र काफी सीमित था, क्योकि इसकी उत्पत्ति 'राजाओं के विज्ञान' के रूप मे हुई थी। किन्तु आधुनिक युग मे सांख्यिकी का क्षेत्र काफी विस्तृत हो गया। वास्तव मे आज ज्ञान विज्ञान की शायद ही कोई ऐसी शाखा हो जहाँ साधन के रूप मे सांख्यिकी विधियो का प्रयोग न किया जाता हो। सुविधा की दृष्टि से सांख्यिकी के क्षेत्र को निम्न भागों मे बांटा जा सकता है। —
⇒ सैद्धान्तिक सांख्यिकी (Theoretical Statistics)
सैद्धान्तिक सांख्यिकी के अन्तर्गत वे गणितीय सिद्धान्त आते है, जिनपर सांख्यिकी विज्ञान आधारित होते है। और जो एक दूसरे

के विकास मे योगदान करते है। सैद्धान्तिक सांख्यिकी का आधार प्रायिकता सिद्धान्त है।

सांख्यिकी विधियाँ (Statistical Methods)

सांख्यिकी विधियाँ विभिन्न विषयो के समंको का विवरण तथा विश्लेषण करने के सामान्य यन्त्रो की पेटी है। सांख्यिकी विधियाँ वे प्रक्रियाँ है जो संख्यात्मक तथ्यो के संकलन, संगठन, संक्षिप्तीकरण, विश्लेषण निर्वचन तथा प्रस्तुतीकरण मे प्रयोग की जाती है। समंको के ढेर मे छिपे आधारभूत सत्य को बाहर निकालने के यन्त्र सांख्यिकी विधियाँ होती है। महत्वपूर्ण सांख्यिकी विधियाँ निम्न है —

i) समंको का संकलन (Collection of Data) — किसी सांख्यिकी अनुसन्धान के लिये सर्वप्रथम समंको की आवश्यकता होती है। समस्या के अनुसार ही यह निश्चित किया जाता है कि कब, कहाँ से, किस ढंग से और कितने आँकड़े एकत्र किये जाये जो समस्या पर समुचित प्रकाश डाल सके।

ii) समंको का वर्गीकरण (Classification of Data) — संकलित किये हुये समंको को अधिक सरल, बोधगम्य, संक्षिप्त और तुलनीय बनाने के लिये इन्हे सजातीय या किसी गुण विशेष के आधार पर विभिन्न वर्गों मे बाँटने को समंको का वर्गीकरण कहते है।

iii) समंको का सारणीयन (Tabulation of Data) — वर्गीकृत समंको को स्मरण योग्य, सुव्यवस्थित, तेजप्रिय एवं तुलना योग्य बनाने के लिये सारणी मे प्रस्तुत किया जाता है।

iv) समंको का प्रस्तुतीकरण (Presentation of Data) — वर्गीकरण से समंक या आँकड़े सरल हो जाते है तथा सारणीय द्वारा सुव्यवस्थित हो जाते है, किन्तु बिन्दुरेखाओ एवं चित्रो के द्वारा समंको को प्रदर्शित करके यह प्रयास किया जाता है कि उनकी अमिट छाप मस्तिष्क पर पड़ जाये।

v) विश्लेषण (Analysis) — संकलित समंको का विश्लेषण करने के लिये केन्द्रिय प्रवृत्ति की माप, अपकिरण, विषमता, सहसम्बन्ध, सूचकांक आदि सांख्यिकी विधियो का आवश्यकतानुसार प्रयोग किया जाता है।

व्यवहारिक सांख्यिकी (Applied Statistics) —

व्यवहारिक सांख्यिकी से तात्पर्य सांख्यिकी विधियो तथा तकनीकियों को समस्याओ तथा, जैसे वे हैं, के अध्ययन मे प्रयोग करने से है। व्यवहारिक सांख्यिकी को निम्न भागों मे विभक्त किया जा सकता है —

i) वर्णनात्मक सांख्यिकी (Discriptive Applied Statistics) — वर्णनात्मक व्यवहारिक सांख्यिकी के अन्तर्गत भूतकालीन एवं वर्तमान समंको का विस्तृत अध्ययन किया जाता है। इसका उद्देश्य किसी विषय के सम्बन्ध मे संख्यात्मक विवरण उपलब्ध कराया जाता है। ये समंक ऐतिहासिक महत्व के होते है। जैसे- जनसंख्या समंक, उत्पादन सम्बन्धी समंक, मूल्य समंक आदि।

2) वैज्ञानिक व्यवहारिक सांख्यिकी (Scientific Applied Statistics) -
वैज्ञानिक व्यवहारिक सांख्यिकी के अन्तर्गत सांख्यिकी रीतियो के प्रयोग से किसी विषय से सम्बन्धित नये नियमो एवं सिद्धान्तो का प्रतिपादन या उनका पुष्टिकरण किया जाता है।

व्यवसायिक सांख्यिकी (Business Statistics)
आज के युग मे व्यवहारिक सांख्यिकी का एक और भाग व्यवसायिक सांख्यिकी है। व्यवसायिक सांख्यिकी, सांख्यिकी के अन्तर्गत व्यवसाय से सम्बन्धित विभिन्न समस्याओ का अध्ययन, विश्लेषण एवं निराकरण करने हेतु सांख्यिकी विधियो का प्रयोग किया जाता है। प्रत्येक व्यवसाय चार अवस्थाओ से होकर गुजरता है - समृद्धि, प्रतिसार, मन्दी एवं उत्थान।

सांख्यिकी की प्रकृति :- (Nature of Statistics)
सांख्यिकी विज्ञान है अथवा कला या दोनो ही - यह जानने के लिये आवश्यक है कि विज्ञान तथा कला के अर्थ को जाना जाये। विज्ञान किसी ज्ञान के व्यवस्थित अध्ययन को कहते है। विज्ञान के अन्तर्गत कारण व परिणाम दोनो का अध्ययन सिद्धान्तो का प्रतिपादन करने के लिये किया जाता है। परिणाम अच्छा है अथवा बुरा इस बात को विज्ञान नही बताता। जहाँ तक कला से तात्पर्य है, यह एक व्यवहारिक ज्ञान है, यदि विज्ञान ज्ञान है तो कला क्रिया है कला के निम्न लक्षण होते है -
1. कला किसी समस्या का समाधान करने वाली क्रियाओ का समूह है।
2. कला तथ्य का वर्णन ही नही करती बल्कि उसके गुण दोष तथा लक्ष्यों को प्राप्त करने के उपाय भी बताती है।
3. कला - साधक से विशेष चातुर्य, अनुभव एवं आत्मसंयम अपेक्षित होता है।

विज्ञान से हम किसी विषय के बारे मे ज्ञान प्राप्त करते है, जबकि कला द्वारा हम उसे कार्यान्वित करते है। कला केवल तथ्यो का वर्णन ही नही करती बल्कि अच्छा-बुरा भी बताती है। सांख्यिकी को हम "वैज्ञानिक पद्धतियो" के विज्ञान को प्रयोग करने की कला कह सकते है। हर्लोज तथा पार्सन ने सांख्यिकी को 'तथ्यो के प्रयोग मे लाने का 'विज्ञान तथा कला' कहा है।

सांख्यिकी का महत्व (Importance of Statistics)
सांख्यिकी तकनीकी का व्यवहार इतना व्यापक है तथा हमारे जीवन एवं हमारी आदतो मे सांख्यिकी का प्रभाव इतना अधिक है कि सांख्यिकी के महत्व की उपेक्षा नही की जा सकती। वास्तव मे सांख्यिकी का युग आ गया है और पर्याप्त सीमा तक आधुनिक सभ्यता 'सांख्यिकी - सभ्यता' हो गयी है और समंको की अनुपस्थिति मे आधुनिक जीवन की मशीनरी स्थिर हो जायेगी। माध्य, अपकिरण, सह सम्बन्ध, निदर्शन आलेख और सांख्यिकी विधियो को जाने बिना मनोवैज्ञानिक, अर्थशास्त्र, वित्त प्रबन्धन, सामाजिक विज्ञानो को अत्यन्त प्रारम्भिक स्तर पर भी समझना असम्भव

है।

I अर्थशास्त्र मे सांख्यिकी का महत्व (Importance of Statistics in Economics)

सांख्यिकीय रीतियो का प्रयोग अर्थशास्त्री उसी भाँति करता है जिस प्रकार एक चिकित्सक स्टेथिस्कोप का प्रयोग मनुष्य की बिमारी जानने के लिये करता है। अर्थशास्त्र की प्रत्येक शाखा मे सांख्यिकी रीतियो के प्रयोग के बिना काम नही चल सकता। इसे निम्न प्रकार स्पष्ट किया जा सकता है —

उपभोग के क्षेत्र मे (In the field of Consumption), उत्पादन के क्षेत्र मे (In the field of production), विनिमय के क्षेत्र मे (In the field of Exchange) वितरण के क्षेत्र मे (In the field of distribution)

II आर्थिक नियोजन मे सांख्यिकी का महत्व (Importance of Statistics in Economics planning)

आर्थिक नियोजन मे समंको का उपयोग निम्नलिखित बातो के लिये किया जाता है

1. विभिन्न देशो के आर्थिक विकास की स्थिति जानने के लिये समंको की सहायता ली जाती है।
2. आर्थिक विकास से सम्बन्धित निर्णायक तत्वो के लिये समंको की सहायता ली जाती है।
3. देश की अर्थव्यवस्था मे उत्पादन, उपभोग, विनिमय, और वितरण के क्षेत्र मे संरचना और उसके महत्व को जानने के लिये।

III व्यवसाय मे सांख्यिकी का महत्व (Importance of statistics to Business)

प्रत्येक व्यवसाय को ~~सफल~~ सफलतापूर्वक संचालित करने के लिये सांख्यिकी का अत्याधिक महत्व है, क्योकि व्यवसाय की स्थापना, संचालन, प्रबन्ध, नियन्त्रण विस्तार आदि सभी मे सांख्यिकी एवं सांख्यिकीय विधियो का प्रयोग किया जाता है। व्यवसाय मे सांख्यिकी के महत्व को संक्षेप मे निम्न प्रकार स्पष्ट किया जा सकता है —

1) नवीन व्यवसाय की स्थापना मे सहायक। 2) नवीन बाजारो की खोज करने मे सहायक। 3) किस्म या गुण नियन्त्रण मे सहायक। 4) वितरण कार्यो के सफलता रुप से संचालन मे सहायक। 5) आवश्यक कच्चे माल की आपूर्ति मे सहायक।

IV राज्य के लिये सांख्यिकी का महत्व (Importance of Statistics to State) 'समंक शासन के नेत्र है'। अनन्तकाल से ही शासन राज्य के निवासियो से सम्बन्धित समंक एकत्रित करता चला आ रहा है। वास्तव मे, अंग्रेजी भाषा के Statistics शब्द का विकास ही State (राज्य) से हुआ है और सांख्यिकी विज्ञान एक राज्य कला के रुप मे मानी गयी थी। आधुनिक काल मे, कल्याणकारी राज्य के विचार के आधार पर सरकार के कार्यो मे वृद्धि हो जाने के कारण समंको का और भी महत्व बढ गया है।

सांख्यिकी के कार्य (functions of Statistics)
सांख्यिकी का प्रमुख कार्य जानकारी प्रदान करना है और इसी कारण से आज हम यह पाते है कि मानविक क्रिया का शायद ही कोई पहलू हो जिसमे सांख्यिकी विधियाँ उपयोगी न हो। सांख्यिकी की निरन्तर बढती उपयोगिता उसके द्वारा सम्पन्न किये गये कार्यों के कारण है। सांख्यिकी विज्ञान द्वारा निम्नलिखित कार्य सम्पन्न किये जाते है —
1) तथ्यो को सूक्ष्म तथा सरल रूप मे प्रस्तुत करना, 2) तथ्यों को तुलनात्मक रूप मे प्रस्तुत करना।, 3) भिन्न तथ्यो के मध्य सम्बन्धो का अध्ययन करना।, 4) व्यक्तिगत ज्ञान व अनुभव की वृद्धि करना।, 5) विभिन्न क्षेत्रो मे नीति निर्धारण में सहायक।

4. सांख्यिकी की सीमाये (Limitation of Statistics)
सांख्यिकी अत्यन्त ही उपयोगी विज्ञान है, परन्तु उसकी कुछ सीमाये तथा कमियाँ है, जिन्हे जानना आवश्यक होता है। सांख्यिकी का प्रयोग तथा निर्वचन करते समय उसकी सीमाओ को सदैव ध्यान मे रखना चाहिये। सांख्यिकी की सीमाये निम्नलिखित है —
1.) सांख्यिकी केवल संख्यात्मक तथ्यो का ही अध्ययन करती है, गुणात्मक तथ्यो का नही।
2) सांख्यिकी माप एवं निष्कर्ष रूप औसत रूप मे ही सत्य होते है।
3) सांख्यिकी समूहो का अध्ययन करती हैं, व्यक्तिगत इकाइयो का नही।
4) सांख्यिकी परिणाम अनुमानत: ही सत्य होते है।
5) सांख्यिकी परिणाम सन्देह से परे नही होते है।
6) सांख्यिकी एक साधन मात्र है।

समंको के प्रति अविश्वास (Distrust of Statistics)
सांख्यिकी विज्ञान वास्तव मे अत्यन्त उपयोगी है, परन्तु उसकी उपयोगिता आकडो मे नही, बल्कि उसके सत्य निर्वचन मे हैं। अज्ञानता तथा अभिनति के कारण लोग ज्ञान के इस कोमल यन्त्र का दुरूपयोग करते है, जिससे साधारण व्यक्ति का सांख्यिकी के प्रति अविश्वास बन गया है। समंको के प्रति अविश्वास के कारण अग्रलिखित है —
1) अनुपयुक्त तुलना, 2.) अस्पष्ट एवं परिवर्तनशील परिभाषाये।, 3) त्रुटिपूर्ण मापदण्ड 4) अभिनति, 5) गणितीय त्रुटियाँ, 6) गलत प्रतिशत। 7) बनावटी सूक्ष्मता, 8) त्रुटिपूर्ण निर्वचन।

अविश्वास दूर करने के उपाय (~~uss~~ by Remedies for removing Distrust)
1) अनुभवी व्यक्तियो द्वारा प्रयोग, 2) विवेकपूर्ण प्रयोग, 3) प्रत्येक चरण पर सावधानी बरतना, 4) स्पष्ट विचार - विमर्श, 5) निष्पक्ष दृष्टि।

सांख्यिकी अनुसन्धान से आशय (Meaning of Statistical Investigation)
सामान्य अर्थ मे 'अनुसन्धान' अथवा जाँच शब्द से आशय 'ज्ञान की खोज' से है। अत: 'सांख्यिकी अनुसन्धान' अथवा जाँच का अर्थ 'सांख्यिकी विधियों की सहायता से ज्ञान की खोज करना' है। सांख्यिकी अनुसन्धान

का आधार समंक होते है। समंको का वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित ढंग संकलन करना, विभिन्न सांख्यिकी विधियों से उनका विश्लेषण करके किसी समस्या के समाधान हेतु उनका ~~वि~~ निर्वचन करना ही अनुसन्धान कहलाता है।

सांख्यिकी अनुसन्धान के प्रमुख चरण (Main Stages of Statistical Investigation) सांख्यिकी अनुसन्धान कार्य के प्रमुख चरण निम्नलिखित है —

i) सांख्यिकी अनुसन्धान का आयोजन। ii) समंको का संकलन, iii) समंको का सम्पादन एवं प्रस्तुतीकरण, iv) समंको का विश्लेषण, v) समंको का निर्वचन तथा प्रतिवेदन तैयार करना।

सांख्यिकी अनुसन्धान का आयोजन (Planning of Statistical Investigation) सांख्यिकी का अनुसन्धान का पूर्व-नियोजन उसकी सफलता एवं श्रेष्ठता के लिये आवश्यक है। सांख्यिकी अनुसन्धान आयोजन करने से पूर्व अध्ययन के अन्तर्गत समस्या का प्रारम्भिक विश्लेषण करना आवश्यक होता है। अनुसन्धानकर्ता अनुसन्धान का आयोजन करने मे निम्नलिखित बातों पर विचार करना पड़ेगा।

1) सांख्यिकी अनुसन्धान के उद्देश्य, 2) सांख्यिकी अनुसन्धान का क्षेत्र
3) ~~सूचना का~~ स्रोत, (i) आन्तरिक ~~तथा बाह्य~~, 2) मौलिक या प्राथमिक या द्वितीय। 4) सांख्यिकीय अनुसन्धान के प्रकार — i) प्रयोग एवं सर्वेक्षण, ii) संगणना अथवा निदर्शन ~~सु~~ अनुसन्धान, iii) गोपनीय अथवा प्रकट अनुसन्धान iv) प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष अनुसन्धान।

सांख्यिकीय इकाई का अर्थ (Meaning of Statistical unit)

सांख्यिकीय इकाई वह आधार है जिसके अनुसार समंक एकत्रित किये जाते है तथा उनका विश्लेषण और निर्वचन होता है

"सांख्यिकीय इकाईयो को समंको की गणना मापन और विश्लेषण के उद्देश्य से चुने गये गुण या गुणो के माप के रूप मे परिभाषित किया जा सकता है"

आदर्श सांख्यिकीय इकाई की विशेषताये (Characterstics of Ideal Statistical unit)

आदर्श सांख्यिकीय इकाई की विशेषताये निम्नलिखित होनी चाहिये —

1) स्पष्ट परिभाषा, 2) स्थिर एवं प्रमापित 3) उपयुक्तता 4) समानता।

सांख्यिकीय इकाइयों का निर्धारण (Determination of Statistical unit)

सांख्यिकीय अवलोकनों का सम्बन्ध चरो की माप से होता है। सांख्यिकीय इकाई वह माप की इकाई है जिसके आधार पर समंको का संकलन, विश्लेषण तथा निर्वचन किया जाता है। यदि सांख्यिकीय अनुसन्धान 'आय', 'दुर्घटना', 'बीमारी', 'रोजगार', 'मजदूरी', आदि के सम्बन्ध मे है तो ही सांख्यिकीय इकाई है।

सांख्यिकीय इकाइयों के प्रकार (Types of Statistical Units)

सांख्यिकीय इकाई निम्न प्रकार की होती है —

1) आगणन की इकाई (Unit of Enumeration) - जिन इकाइयो के आधार पर तथ्यो की माप एवं समंको का संकलन किया जाता है उन्हे 'आगणन' की इकाइयाँ कहते हैं जैसे - वस्त्र उत्पादन की माप के लिये मीटर, भार के लिये टन, समय के लिये घण्टा आदि। आगणन की इकाइयाँ तीन प्रकार की होती है —

i) सरल इकाई, ii) संयुक्त अथवा मिश्रित इकाई (iii) काल्पनिक इकाई।

2) विश्लेषण व निर्वचन की इकाई (Unit of Analysis and interpre-tation)

जिन इकाइयाँ के आधार पर समंको की तुलना की जाती हैं, विश्लेषण व निर्वचन की इकाइयां कहलाती है। अनुपात, प्रतिशत, दर, आदि विश्लेषण व निर्वचन इकाइयाँ है।

समंको का संकलन (Collection of Data)

अनुसन्धान सम्बन्धी प्रारम्भिक बातो पर निर्णय लेने के पश्चात् समंक-संकलन का कार्य प्रारम्भ किया जाता है। समंक संकलन से तात्पर्य अनुसन्धान के लिये इकाइयो आवश्यक जानकारी प्राप्त करने की विधियो से है। समंक-संकलन की विधि दो बातोपर निर्भर रहती है - प्रथम, अनुसन्धान की प्रकृति तथा उसके उद्देश्य व क्षेत्र पर तथा दूसरे, धन एवं समय के उपलब्ध परिणाम पर। समंक दो प्रकार के होते है - (i) प्राथमिक समंक तथा (ii) द्वितीय समंक। प्राथमिक समंको का संकलन अनुसन्धानकर्ता स्वंय करता है। द्वितीय समंको का संकलन का उपयोग अन्य व्यक्तियो अथवा संस्थाओं द्वारा निजी उपयोग के लिये किया जाता है, परन्तु अन्य व्यक्ति भी उन समंको का उपयोग कर सकते है। प्राथमिक समंक एक बार संकलित होकर प्रकाशित हो जाने पर द्वितीय समंक हो जाते है।

समंको का सम्पादन एवं प्रस्तुतीकरण (Editing and Presentation of Data)

समंक संकलन के उपरान्त विभिन्न अशुद्धियो को दूर करके, समंको मे यथोचित संशोधन किये जाते है। समंको के सम्पादन से उनके अनुकूलता, एकरूपता, पूर्णता, तथा शुद्धता आ जाती है। समंको के सम्पादन मे उत्तम श्रेणी की योग्यता तथा वैज्ञानिक ढंगो के प्रयोग की आवश्यकता होती है। समंको के उत्पादन के पश्चात् सारणियो, चित्रो तथा रेखाचित्रो के रूप मे प्रदर्शित किया जाता है।

समंको का विश्लेषण (Analysis of Data)

समंको को प्रदर्शित करने के पश्चात् विभिन्न गणितीय मापों द्वारा उनका विश्लेषण किया जाता है। माध्य, अपकिरण, विषमता, सहसम्बन्ध, आदि सांख्यिकीय मापों से समंको की विशेषताओ का पता चलता है।

न्यादर्श या प्रतिदर्श (Sample) — न्यादर्श या प्रतिदर्श का अर्थ

न्यायदर्श या प्रतिदर्श किसी समग्र विशेष का प्रतिबिम्ब या समान दिखाई देने वाला नमूना है। अंग्रेजी शब्द Sample लैटिन भाषा के शब्द Exemplum से लिया गया है।

न्यादर्श या प्रतिदर्श की परिभाषाये (Definition of Sample)

सिम्पासन एवं काफ्का :- "न्यादर्श या प्रतिदर्श समग्र का वह भाग जिसे हम अनुसन्धान के उद्देश्य से चुनते हैं"।

संगणना अथवा प्रतिदर्श अनुसन्धान (Census or Sample investigation)

सांख्यिकीय अनुसन्धान की योजना बनाते समय अनुसन्धानकर्ता को यह निर्णय करना पड़ता है कि अनुसन्धान मे पूर्ण आगणन किया जाये अथवा प्रतिदर्श अनुसन्धान विधि को अपनाया जाये। पूर्ण आगणन में समग्र की समस्त इकाइयो के बारे मे सांख्यिकीय जानकारी प्राप्त की जाती है। प्रतिदर्श अनुसन्धान मे समग्र में से, समग्र का प्रतिनिधित्व करने वाली कुछ इकाइयो छाँट ली जाती है और उके सम्बन्ध मे आवश्यक जानकारी संकलित की जाती है

संगणना अनुसन्धान (Census Investigation)

जब किसी समस्या से सम्बन्धित सम्पूर्ण समूह अथवा समूह की प्रत्येक इकाई के विषय मे आवश्यक सांख्यिकीय जानकारी संकलित की जाती है तो वह संगणना अनुसन्धान अथवा पूर्ण आगणन कहलाता है।

संगणना अनुसन्धान के लाभ (Advantages or Merits of Census Inve)

संगणना अनुसन्धान के लिये निम्नलिखित लाभ है —

1) परिणाम अधिक शुद्ध एवं विश्वसनीय होते है।
2) विस्तृत जानकारी।
3) उपयुक्तता।

संगणना अनुसन्धान के दोष (Disadvantage or Demerits of Census Inv)

संगणना अनुसन्धान विधि के दोष निम्नलिखित है —

1) अधिक व्यय करना पड़ता है।
2) अधिक श्रम व समय।
3) अनेक परिस्थितियों मे असम्भव।

प्रतिदर्श या निदर्शन अनुसन्धान (Sample Investigation)

हमारा ज्ञान, दृष्टिकोण, कार्य आदि पर्याप्त सीमा तक प्रतिदर्श पर आधारित होते है। जीवन के दिन-प्रतिदिन के कार्यों मे ही नही, बल्कि वैज्ञानिक शोध मे भी ऐसा ही होता है। जीवन के दिन-प्रतिदिन के कार्यों मे हम हर क्षण प्रतिदर्श तकनीक का प्रयोग करते है। गेहूँ अथवा चावल के एक मुट्ठी दानों को देखकर उनके पूरे भण्डार की किस्म का पता लगाया जाता है। प्रतिदर्श विधि इस मान्यता पर आधारित है कि रगो मे दौड़ते खून की एक बूँद के गुण पूरे खून के गुणो का प्रतिनिधित्व करते है।

प्रतिदर्श अनुसन्धान के लाभ (Advantages of Sampling Investigation)
पूर्ण आगणन की तुलना मे प्रतिचयन के कुछ प्रमुख लाभ है, जो निम्न प्रकार है
1) समय की बचत, 2) धन की बचत, 3) विस्तृत जाँच, 4) विस्तृत क्षेत्र 5) अधिक परिशुद्धता, 6) प्रशासनीय सुविधा, 7) कुछ विशेष दशाओ मे उपयुक्तता।

प्रतिदर्श अनुसन्धान के दोष (Disadvantage of Sampling Investigation)
प्रतिदर्श अनुसन्धान विधि मे निम्नलिखित दोष पाये जाते है —
1) भ्रमात्मक निष्कर्ष, 2) प्रतिनिधि प्रतिदर्श बनाने मे कठिनाई, 3) विशिष्ट ज्ञान की आवश्यकता, 4) प्रतिदर्श तक ही सीमित रहने मे कठिनाई, 5) प्रतिचयन की असम्भवता।

प्राथमिक एवं द्वितीय समंको का अर्थ (Meaning of Primary and Secondary Data)
समंक सांख्यिकीय अनुसन्धान की आधारशिला है। समंक का आशय किसी घटना या समस्या के उन पहलुओ से होता है, जिसकी गणना की जा सकती है या जिसे मापा जा सकता है या जिसे संख्यात्मक रुप मे व्यक्त किया जा सकता है।

प्राथमिक एवं द्वितीय समंको का अर्थ (Meaning of Primary and Sec. Data)
I प्राथमिक समंक (Primary Data) — उन समंको को प्राथमिक समंक कहते है जो अनुसन्धानकर्ता द्वारा पहली बार आरम्भ से अन्त तक बिल्कुल नये सिरे सिरे से एकत्रित किये जाते है।

II द्वितीय समंक (Secondary Data) — द्वितीय समंक वे है जो पहले ही अन्य व्यक्ति या संस्थाओ द्वारा एकत्रित व प्रकाशित किये जा चुके है और अनु-सन्धानकर्ता केवल उनका प्रयोग कर सकता है।

समंको के सम्पादन का अर्थ (Meaning of Editing of Data)
समंक संकलन की प्रक्रिया मे अनुसन्धानकर्ता के कार्यालय मे सूचको अथवा प्रगणको द्वारा भरकर भेजी गयी प्रश्नावली अथवा अनुसूचियो का ढेर लग जाता है, संकलित सामग्री ऐसी दशा मे अव्यवस्थित तथा अर्थहीन होती है, जिसे व्यवस्थित तथा अर्थपूर्ण करने के लिये अनुसन्धानकर्ता को उसका सम्पादन करना पड़ता है।

वर्गीकरण तथा सारणीयन (Classification and Tabulation)
सांख्यिकीय अनुसन्धान द्वारा संकलित समंक अत्यन्त जटिल एवं अव्यवस्थित रुप मे होते; ऐसी दशा मे उनको समझना और उनकी विशेषताओं को ज्ञात करके उचित व तर्कसंगत निष्कर्ष निकालना असम्भव होता है। अव्यवस्थित असंगठित तथा जटिल समंक समूहो से सांख्यिकीय विश्लेषण तथा निर्वचन नही किया जा सकता है। अतः उनको सांख्यिकीय विधियो के व्यवहार द्वारा विश्लेषण तथा निर्वचन के योग्य बनाया जाता है।

आवृत्ति वितरण का अर्थ एवं परिभाषा (Meaning and Definition of Frequency Distribution)

विभिन्न वर्गों में आवृत्तियों का विन्यास करने हेतु मिलान चिन्हों का प्रयोग किया जाता है। संकलित तथा वर्गीकृत समंको को उचित रूप से क्रमबद्ध रूप से आवृत्ति वितरण मे प्रस्तुत किया जाता है। आवृत्ति वितरण एक तालिका होती है। जिसमे समंको को वर्गों मे विभाजित किया जाता है तथा प्रत्येक वर्ग मे आने वाले पदों की संख्या का लेखा किया जाता है। दूसरे शब्दों मे, इसमे किसी एक तथ्य के विभिन्न मूल्यों की आवृत्तियाँ प्रदर्शित की जाती है।

चित्रो द्वारा निरूपण का आशय (Meaning of Digrammatic Presentation

विशाल समंक समूहों के अर्थों को सरल, स्पष्ट एवं व्यापक रूप मे समझने मे सहायता करना सांख्यिकीय विज्ञान का एक प्रमुख कार्य है। इस कार्य का निष्पादन करने के लिये अनेक सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग किया जाता है, जिनमे से समंको का चित्रमय निरूपण एक महत्वपूर्ण दृष्टिगत विधि है। नीरस समंको को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित करके उन्हे अर्थपूर्ण तथा रोचक और उनकी विशेषताओं को स्पष्ट बनाया जा सकता है।

समंको का बिन्दुरेखीय प्रदर्शन (Graphic Presentation of Data)

सांख्यिकीय तथ्यों का बिन्दुरेखीय प्रदर्शन उन्हे समझने योग्य बनाने की सरल व प्रभावी विधि है। अंग्रेजी शब्द 'ग्राफ' से बने शब्द 'ग्राफिक' का अर्थ सचित्र अथवा सजीव है। बिन्दुरेखा का उस का उस समंक-सारणी के सन्दर्भ मे, जिसे वह प्रदर्शित करती है, वास्तव मे यही कार्य है। सांख्यिकीय सामग्री इतनी जटिल होती है कि उसे समझना सामान्य व्यक्ति के कठिन होता है।

unit II

केन्द्रीय प्रवृति का अर्थ एवं परिभाषा (Meaning and Definition of Central Tendency)

सांख्यिकीय विश्लेषण का महत्वपूर्ण उपकरण सांख्यिकीय माध्य या केन्द्रीय प्रवृति की माप है। सांख्यिकीय माध्य सामग्र के विभिन्न पदो की व्यक्तिगत विशेषताओ को ध्यान दे एक ऐसी प्रवृति को व्यक्त करता है जो समग्र का प्रतिनिधित्व करती हो।

क्लार्क और शकोड के अनुसार "माध्य सम्पूर्ण संख्याओ का वितरण प्रस्तुत करने के लिये एक मात्र संख्या प्राप्त करने का प्रयास है"।

अंकगणित माध्य अथवा माध्य (Arithmetic Mean OR Mean) ($\bar{X}$)

माध्य समक-समूह की केन्द्रीय प्रवृति की सबसे सरल तथा लोकप्रिय माप है। वास्तव मे, जब हमारा सामान्य अर्थ मे 'अंकगणित माध्य या माध्य अथवा औसत शब्द का प्रयोग करते है तो हमारा आशय इसी माध्य से होता है। माध्य ज्ञात करने के लिये समकमाला के सभी पदों के मूल्यो के योग मे उनकी संख्या से भाग दिया जाता है।

माध्यिका या मध्यका (Median) (M)

मध्यका वह केन्द्रिय मूल्य है, जो श्रेणी को दो भागो मे बाटॉ है, बशर्ते कि समंक श्रेणी आरोही क्रम अथवा अवरोही क्रम मे व्यवस्थित हो।

भूयिष्ठक अथवा बहुलक (MODe) (Z)

भूयिष्ठक अथवा बहुलक वह मूल्य है जो पदों की श्रेणी मे सबसे अधिक बार आता है तथा जिसके चारों ओर सबसे अधिक घनत्व मे पदो का वितरण रहता है।

उदाहरण (Illustration)

निम्न समंको से समान्तर माध्य, मध्यका, भूयिष्ठक अथवा बहुलक ज्ञात कीजिये?
find out Arithmetic Mean, Median, Mode from the following Data.

आकार नीचे से : Size below	10	20	30	40	50	60	70	80
व्यक्तियों की संख्या No of Person ;	5	20	50	105	190	250	295	320

Solution;

Class	Frequency		X	FX	CF
0-10		5	5	25	5
10-20	(20-5)	15	15	225	20
20-30	(50-20)	30	25	750	50
30-40	(105-50)	55	35	1925	105 c
40-50	(190-105)	85	45	3825	190
50-60	(250-190)	60	55	3300	250
60-70	(295-250)	45	65	2925	295
70-80	(320-295)	25	75	1875	320
	N = 320			ΣfX 14850	

$$\bar{X} = \frac{\Sigma fX}{N} = \frac{14850}{320} = \underline{46.41}$$

$$M = \frac{N}{2},\ \frac{320}{2} = 160^{th}\ item$$

$$M = L_1 + \frac{i}{f}(m-c) = 40 + \frac{10}{85}(160-105)$$
$$= 40 + 6.47$$
$$= \underline{46.47}$$

$$Z = L_1 + \frac{f_1 - f_0}{2f_1 - f_0 - f_2} \times (i) \left[\text{mode Group} : - 40\text{-}50\right]$$
$$= 40 + \frac{85-55}{2\times 85 - 55 - 60} \times 10$$
$$= 40 + \frac{300}{55} = \underline{45.45}$$

चतुर्थक (Quartiles)

यदि श्रेणी को चार समान भागो मे ~~विभक्त~~ विभक्त किया जाये तो उसमे तीन चतुर्थक होंगे। इन्हे Q_1, Q_2, Q_3 कहा जाता है। Q_2 मध्यका ही होती है अतः Q_1 तथा Q_3 की ही गणना की जाती है। Q_1 को प्रथम अथवा निचला चतुर्थक तथा Q_3 को तृतीय अथवा ऊपरी चतुर्थक कहते है।

पँचमक (Quintiles)

यदि श्रेणी को पाँच समान भागों मे विभक्त किया जाये तो उसमे चार पंचमक होंगे। इन्हे Qu_1, Qu_2, Qu_3, तथा Qu_4 कहेंगे।

अष्टमक (Octile)

यदि श्रेणी को आठ समान भागो मे विभक्त किया जाये तो उसमे सात अष्टमक होंगे। इन्हे $O_1, O_2, O_3, O_4, O_5, O_6, O_7$, कहा जाता है। O_2 प्रथम, O_4 मध्यका, O_6 तृतीयक चतुर्थक ही होंगे।

शतमक (Percentile)

शतमक चर के वे मूल्य है जो श्रेणी को 100 बराबर भागो मे बाँटते है। यदि श्रेणी सौ समान भागो मे विभक्त किया जाये तो उसमे 99 शतमक होंगे। इन्हे $P_1, P_2, P_3 \ldots P_{99}$ कहा जाता है।

उदाहरण (Illustration)

50 विद्यार्थियो द्वारा विधि मे प्राप्त अंको का वितरण नीचे दिया गया है
Following is the Distribution Marks in Low obtained by 50 Student.

Marks (More than)	0	10	20	30	40	50
No. of Student	50	46	40	20	10	3

दोनो चतुर्थक, द्वितीय पंचमक, चतुर्थ अष्टमक व छत्तीस शतमक ज्ञात कीजिये।

C.I	f	cf
0-10	4	4
10-20	6	10
20-30	20	30
30-40	10	40
40-50	7	47
50-60	3	50
	N=50	

Solution :-

$Q_1 = \frac{N}{4} = \frac{50}{4} = 12.5^{th}$ item,

$= l_1 + \frac{i}{f}(Q_1 - C) = 20 + \frac{10}{20}(12.5 - 10)$

$= 20 + 1.25 = \underline{21.25}$ $\boxed{Q_1 = 21.25}$

$Q_3 = \frac{3(N)}{4} = \frac{3(50)}{4} = 37.5^{th}$ item,

$= l_1 + \frac{i}{f}(Q_3 - C) = 30 + \frac{10}{10}(37.5 - 30)$

$= 30 + 7.5 = \underline{37.5}$ $\boxed{Q_3 = 37.5}$

$Qn_2 = \frac{2(N)}{5} = \frac{2(50)}{5} = 20^{th}$ item

$= l_1 + \frac{i}{f}(Qn - C) = 20 + \frac{10}{20}(20 - 10)$

$= 20 + 5 = \underline{25}$ $\boxed{Qn_2 = 25}$

$O_4 = \frac{4(N)}{8} = \frac{4(50)}{8} = 25^{th}$ item, $= L_1 + \frac{i}{F}(O_4 - C)$ $= 20 + \frac{10}{20}(25-10)$ $= 20 + 7.5$ $= \underline{27.5}$ $\boxed{O_4 = 27.5}$	$P_{36} = \frac{36(N)}{100} = \frac{36(50)}{100} = 18^{th}$ item, $= L_1 + \frac{i}{F}(P_{36} - C)$ $= 20 + \frac{10}{20}(18-10)$ $= 20 + 4$ $= \underline{24}$ $\boxed{P_{36} = 24}$

गुणोत्तर माध्य (Geometric Mean)

गुणोत्तर माध्य श्रेणी के समस्त पदों के मूल्यों के गुणनफल का वह मूल (Root) होता है जितनी की उस श्रेणी में इकाइयाँ या संख्याएँ हैं।

$G.M = \sqrt[N]{x_1 + x_2, + x_3 \ldots}$

उदाहरण (Illustration)

Find out GM of the following

(i) 9, 16, Solution – $G.M = \sqrt[2]{9 \times 16} = \sqrt{3 \times 3 \times 4 \times 4} = \sqrt{144} = 12$

$\boxed{G.M = 12}$

हरात्मक माध्य (HARMONIC MEAN)

हरात्मक माध्य एक विशिष्ट प्रकार का माध्य है, जो ऐसी समस्याओं, जिसमें इकाइयाँ प्रति समय दर जैसे – किलोमीटर प्रति घण्टा, प्रतिदिन निर्मित इकाइयाँ, प्रति वर्ष पूरे किये गये निविदाये आदि से सम्बन्धित चरों से व्यवहार निहित होता है, के समाधान में उपयोगी होता है।

$$H.M = \frac{N}{\frac{1}{x_1} + \frac{1}{x_2} + \frac{1}{x_3} \ldots}$$

उदाहरण (Illustration)

एक व्यक्ति लखनऊ से देहली 30 मील प्रति घण्टा की गति से यात्रा करता है। उसी रास्ते पर 60 मील प्रति घण्टा की गति से वापस आता है। पूरी यात्रा की औसत गति ज्ञात कीजिये?

Solution :- $N = 2,\ X_1 = 30,\ X_2 = 60$

$$H.M = \frac{N}{\frac{1}{x_1} + \frac{1}{x_2}} = \frac{2}{\frac{1}{30} + \frac{1}{60}} = \frac{2}{\frac{2+1}{60}} = \frac{2 \times 60}{3} = 40 \text{ Kmph}$$

$\boxed{H.M = 40 \text{ Kmph}}$

अपकिरण का अर्थ (Meaning of Dispersion)

केन्द्रिय प्रवृत्ति की विभिन्न मापें समंकमाला के वास्तविक मूल्यों पर आधारित रहती हैं, अतः उन्हें प्रथम श्रेणी के माध्य कहते हैं। अपकिरण अपकिरण की मापें द्वितीय श्रेणी के माध्य कहलाती हैं, क्योंकि अपकिरण की माप ज्ञात करते समय समंकमाला का माध्य ज्ञात किया जाता है और फिर उस माध्य से विभिन्न पदों के मूल्यों के विचलनों का माध्य ज्ञात किया जाता है।

विस्तार या परास (RANGE)

विस्तार अपकिरण की सबसे सरल व प्रारम्भिक माप है। विस्तार का निर्धारण समंकमाला के दो सीमान्तों से किया जाता है तथा यह वितरण के सबसे अधिक मूल्य (Largest Value) तथा सबसे कम मूल्य (Smallest Value) का अन्तर है। $\boxed{R = L - S}$

उदाहरण (Illustration)

